दिन– शनिवार दिनांक– 06 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– वैश्विक आर्थिक संकट के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है।

02. राज्य सरकार ने ग्रामीण योजनाओं की ऑनलाईन निगरानी के लिए डिजिटल एकीकृत्र पोर्टल शुरू किया।

03. राजस्व विभाग ने कर्तव्य में लापरवाही और अनियमितता के आरोप में नौ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की।

04. और, मधुबनी, दरभंगा, अररिया और सुपौल जिले में बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वैश्विक आर्थिक संकट के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार सात दशमलव आठ प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। दमन में एक सभा को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने कहा कि अर्थव्यवस्था की इस गति पर हर भारतीय को गर्व का अनुभव हो रहा है।

–––साउंड बाईट–––

श्री मोदी ने कहा कि आर्थिक संकट के दौर में भी भारत मजबूती से खड़ा है। इसका श्रेय देश की एक सौ चालीस करोड़ नागरिकों की सामूहिक प्रयास को जाता है। उन्होंने भरोसा दिया कि देश सुधार, प्रदर्शन और बदलाव के रास्ते पर संकल्प के साथ आगे बढ़ता रहेगा।

–––साउंड बाईट–––

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारह वर्षो के कार्यकाल को ऐतिहासिक उपलब्धियों वाला बताया है। श्री कुशवाहा ने कहा कि इन बारह वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में विकास के नये आयाम तय किये हैं। उन्होंने विपक्ष पर देश की उपलब्धियों को नजर अंदाज करने का आरोप लगाया। इधर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बारह वर्षों का शासनकाल देश में विश्वास, विकास और जन कल्याण का समय रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के बारह वर्ष पूरे होने पर भाजपा बारह साल बेमिसाल अभियान चलायेगी।

---

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने कहा है कि देशभर में अब तक नौ लाख बयालीस हजार से अधिक किसान "खेत बचाओ अभियान" से जुड़ चुके हैं। संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया यह अभियान अब जन आंदोलन का रूप ले रहा है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

---

प्रदेश में ग्रामीण विकास विभाग की सभी योजनाओं की अब ऑनलाईन निगरानी की जायेगी। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने केन्द्रीकृत ग्रामीण योजना अनुश्रवण और क्रियाशीलता पर्यवेक्षण प्रणाली, सीजीआरएम पोर्टल का उद्घाटन करते हुये कहा कि इस एकीकृत व्यवस्था से लोगों को राज्य की योजनाओं की पूरी जानकारी एक स्थान पर मिलेगी। इसके साथ ही कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायतें पोर्टल पर दर्ज करा सकेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने में आसानी होगी।

---

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने भ्रष्टाचार, अनियमितता, कर्तव्यहीनता और विभागीय निर्देशों की अवहेलना के मामलक में राजस्व सह कानूनगो अधिकारी सोनी कुमारी को बर्खास्त कर दिया है। आठ अन्य कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की गयी है। राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि संबंधित अधिकारियों के खिलाफ आरोप पत्र गठित करने और विभागीय कार्रवाई शुरू करने के आदेश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि अब तक बत्तीस राजस्व अधिकारियों पर कार्रवाई की जा चुकी है।

---

नीट परीक्षा को लेकर बिहार सरकार पूरी तरह सख्त है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि परीक्षा में किसी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को केन्द्रों पर जाने के लिए सरकारी बसों में किराया नहीं देना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इक्कीस जून को पैंतीस जिलों के तीन सौ इकतीस केन्द्रों पर होने वाली परीक्षा की तैयारी की जा रही है। सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी जिलाधिकारी और आरक्षी अधीक्षकों को परीक्षा केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा, प्रश्नपत्रों की गोपनीयता और असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं।

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बिहार, पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा में जनसांख्यिकीय बदलाव को बर्दाश्त नहीं करेगी। त्रिपुरा में सीमा सुरक्षा बल, बीएसएफ के जवानों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा में मौजूद खामियों को दूर करने के प्रयास किये जा रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हमें सीमा पार से नकली नोटों, मानव तस्करी और मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगानी होगी। गृह मंत्री ने कहा है कि देश में घुसपैठिए की पहचान कर उसे देश से बाहर भेजा जायेगा।

---

शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि जेईई–एडवांस्ड परीक्षा देने वाले छात्रों के डेटा लीक और निजता उल्लंघन के संबंध में कई भ्रामक और तथ्यात्मक रूप से गलत खबरें सामने आई हैं। एक सोशल मीडिया  पोस्ट में मंत्रालय ने कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की ने स्पष्टीकरण जारी किया है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित जानकारी भ्रामक है और गलत सूचना फैलाने का प्रयास है। मंत्रालय ने यह भी कहा है कि जेईई – एडवांस्ड परीक्षा के दौरान कोई भी संवेदनशील जानकारी लीक नहीं हुई है।

---

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने अंक सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। सीबीएसई ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि छात्र अब कल मध्य रात्रि तक अपने आवेदन जमा कर सकेंगे। इससे पहले आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि छह जून निर्धारित थी। सीबीएसई ने सभी पात्र छात्रों से बढ़ी हुई समय–सीमा का ध्यान रखते हुए निर्धारित अवधि के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है।

---

प्रदेश के मौसम में लगातार उतार–चढ़ाव बना हुआ है। पूर्वांचल और सीमांचल के क्षेत्रों में कई स्थानों पर बारिश हुई है। हमारे दरभंगा, अररिया, मधुनबी और सुपौल संवाददाता ने जानकारी दी है कि आज सुबह विभिन्न स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार आज राज्य के दक्षिणी और मध्य हिस्से में आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे, लेकिन गर्मी से राहत मिलेगी। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान तापमान में परिवर्तन की संभावना है। वहीं, अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है।

–––साउंड बाइट–––

वहीं, राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में गर्मी का दौर जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान इकतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ कैमूर का भभुआ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान अड़तीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

पटना मौसम विज्ञान केन्द्र को देशभर में वज्रपात और तूफान पर अध्ययन करने के लिए अधिसूचित किया गया है। केन्द्र के निदेशक आशीष कुमार ने बताया कि पटना केन्द्र को वज्रपात, आंधी–तूफान और मौसम प्रणालियों के अनुसंधान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक विशेष केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बिहार और पूर्वी भारत उन क्षेत्रों में शामिल हैं, जहां प्री–मॉनसून और आंधी तथा वज्रपात की घटनाएं बार–बार होती है।

---

भागलपुर जिले में स्थित विक्रमशिला सेतु पर कल से वाहनों का परिचालन शुरू हो जाएगा। जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने बताया कि अभी केवल एक लेन पर अधिकतम दस टन भार वाले वाहनों को ही परिचालन की अनुमति दी गयी है। उन्होंने बताया कि बेली ब्रिज पर वाहनों के परिचालन का ट्रायल रन पूरी तरह सफल रहा।

–––साउंड बाइट–––

---

राज्य में बारह घंटे बिजली कंपनियों की ऑनलाइन सेवाएं बंद रहेंगी। आज शाम पांच बजे से कल सुबह पांच बजे तक यह बंदी लागू रहेगी। नेटवर्क मेंटेनेंस के कारण एनबीपीडीसीएल और एसबीपीडीसीएल के अनुसार ऑनलाइन बिजली बिल भुगतान की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी। कम्पनी ने लोगों से जरूरी बिल भुगतान और रिचार्ज पहले ही करने की अपील की है।

---

पटना एम्स में कार्यरत कनीय प्रशासनिक अधिकारी अश्विनी कुमार सिंह को पुलिस ने एक महिला कर्मचारी और उसकी पुत्री से छेड़खानी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

---

पटना साईबर पुलिस ने पटना विश्वविद्यालय की एक अवकाश प्राप्त प्रोफेसर से ढ़ाई करोड़ रूपये से अधिक ठगी करने के आरोप में पश्चिम बंगाल से दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

निगरानी की विशेष अदालत ने रिश्वत लेने के आरोप में बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के कनीय अभियंता धरनीधर राय को चार वर्ष सश्रम कारावास के साथ बीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

अररिया के ज़िलाधिकारी विनोद दूहन ने जनता दरबार में अड़सठ मामलों की सुनवाई की। उन्होंने अधिकारियों को सभी मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए हैं।

---

शेखपुरा जिले के अरियरी प्रखंड क्षेत्र के नवीननगर ककरार में हथियारबंद अपराधियों ने एक स्वर्ण व्यवसायी से अठारह लाख रुपए के जेवरात लूट लिये।

---

सिवान जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विवेक कुमार को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। पटना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उद्योग विभाग के सचिव ने उन्हें यह सम्मान दिया।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने विधान परिषद के द्विवार्षिक चुनाव पर लिखा है– भाजपा और जदयू के आठ एमएलसी प्रत्याशी घोषित। जदयू ने तीन अति पिछड़ तो भाजपा ने दो को दिया मौका।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है–राज्य के पचास लाख घरों में सरकार लगायेगी, मुफ्त सौर ऊर्जा यंत्र।

दैनिक भास्कर लिखता है– मीनाक्षी मदन राय पटना उच्च न्यायालय की दूसरी महिला मुख्य न्यायाधीश बनी। बारह जुलाई को होंगी रिटायर्ड।

प्रभात खबर ने लिखा है– खान सर पर एफआईआर दर्ज, कभी भी हो सकते हैं, गिरफ्तार।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– वैश्विक आर्थिक संकट के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है।

02. राज्य सरकार ने ग्रामीण योजनाओं की ऑनलाईन निगरानी के लिए डिजिटल एकीकृत्र पोर्टल शुरू किया।

03. राजस्व विभाग ने कर्तव्य में लापरवाही और अनियमितता के आरोप में नौ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की।

04. और, मधुबनी, दरभंगा, अररिया और सुपौल जिले में बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।